# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 30.09.2025

**1. थाना दादरी पुलिस व बदमाशों के साथ हुयी पुलिस मुठभेड के सम्बन्ध में-**

**विवरण--** दिनांक **30.09.2025** को **थाना दादरी पुलिस** द्वारा चेकिंग शाहपुर को जाने वाले रास्ते पर पैरिफेरल के हाईवे के नीचे चौकिंग की जा रही थी तभी सामने से मोटर साइकिल पर सवार 02 व्यक्ति आते दिखाई दिये जिनको पुलिस बल द्वारा रूकने का ईशारा किया गया लेकिन वह नहीं रूके बल्कि मोटर साइकिल को मोडकर भागने का प्रयास करने लगे। शक होने पर पुलिस बल द्वारा पीछा किया गया। अभियुक्तों द्वारा अपने आप को घिरता देख पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों अभियुक्त गोली लगने के कारण घायल हो गये। जिनकी पहचान 01. राज कुमार पुत्र विनोद नि0 मौ0 गौतमपुरी कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर 02. साजिद पुत्र हनीफ नि0 नीलकंठ कालोनी कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी है। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 तमंचे .315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 02 खोखा कारतूस .315 बोर, 01 सर्जिकल ब्लेड व 01 मोटर साईकिल स्पलेन्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट की बरामद हुयी है। दोनों घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है।

**पूछताछ का विवरण--** पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम दोनों पेन्ट करने का काम करते है। कुछ दिन से हम कस्बा दादरी में एक व्यक्ति (विनोद पुत्र रघुवीर सिंह निवासी गगन विहार थाना दादरी) के यहां पेन्ट का काम कर रहे थे। उपरोक्त विनोद के द्वारा 50 हजार रूपये का लालच देकर मैडीकल स्टोर संचालक पर चाकूओ से वार करने की घटना कारित करायी गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना दादरी पर अभियोग पंजीकृत है तथा उपरोक्त घटना मे हम दोनो के साथ हमारो दो अन्य साथी एजाज मेवाती उर्फ जहरू पुत्र मो0 शाकिर नि0 मो0 मेवातियान पीपलवाली मस्जिद के पास थाना दादरी जीबीएन व कुनाल उर्फ कपिल पुत्र खेमचन्द नि0 एस्कोर्ट कालोनी थाना दादरी जीबीएन भी थे। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर दी गयी है। अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नोट- उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु श्रीमान पुलिस उपायुक्त ग्रे0नो0 महोदय द्वारा थाना दादरी पुलिस टीम को 25000 रुपये के पुरस्कार की घोषणा की गयी।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण/आपराधिक इतिहास**

- **राज कुमार पुत्र विनोद नि0 मौ0 गौतमपुरी कस्बा व थाना दादरी जीबीएन**

मु0अ0सं0 0528/2025 धारा 109 बीएनएस थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

- **साजिद पुत्र हनीफ नि0 नीलकंठ कालोनी कस्बा व थाना दादरी जीबीएन**

1. मु0अ0सं0 0528/2025 धारा 109 बीएनएस थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर
2. मु0अ0सं0 0445/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 0075/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बादलपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 0058/2023 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बादलपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
5. मु0अ0सं0 0103/2017 धारा 380/411 भादवि थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
6. मु0अ0सं0 0758/2018 धारा 414 भादवि थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
7. मु0अ0सं0 1118/2018 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

## 2. थाना सेक्टर-113 पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अवैध चाकू बरामद।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **30.09.2025** को **थाना सेक्टर-113 पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से 02 लुटेरे अभियुक्त 1.अमन पुत्र रमेश 2.विनोद कुमार पुत्र मोचन सिंह को एफएनजी कट से सर्विस रोड़ की ओर जाने वाले रास्ते से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल अपाचे रंग सफेद, एक लूटा गया मोबाइल फोन रियलमी रंग ग्रे व एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। अभियुक्तों द्वारा दिनांक 02.09.2025 को वादी मुकदमा से 2500 रूपये नकद व मोबाइल फोन लूट लिया गया था, जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को **गिरफ्तार** किया गया है।

### अभियुक्तों का विवरण--

1. अमन पुत्र रमेश निवासी ग्राम बेरी, थाना फरह, जिला मथुरा उम्र करीब 21 वर्ष।
2. विनोद कुमार पुत्र मोचन सिंह निवासी ग्राम डेहरूआ, थाना यमुनापार, जिला मथुरा वर्तमान पता ग्राम बहलोलपुर, थाना सेक्टर-63, नोएडा उम्र करीब 23 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण--

1. घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल अपाचे रंग सफेद
2. एक मोबाइल फोन रियलमी रंग ग्रे
3. अभियुक्त विनोद के कब्जे से एक अवैध चाकू

### पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 405/2025 धारा 309(6)/317(2)/3(5) बीएनएस व धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सेक्टर-113 नोएडा।
2. मु0अ0सं0 340/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-113 नोएडा।